हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

14 दिव्यांगता सफलता में बाधा नहीं : विधायक सिन्हा

14 नवागांव स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज


## खबर संक्षेप

### मां और बेटी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में मां और बेटी से मारपीट किए जाने के आरोपी में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया उषा देवांगन निवासी ग्राम बेलसोंडा 18 मार्च को रोज की तरह घरेलू कार्य कर रही थी कि लगभग सुबह 8.30 बजे दरवाजा खटखटाने का आवाज आई। दरवाजा खोलने पर सुरेंद्र धीवर नाम का व्यक्ति सामने खड़ा था और गुस्से में कहा कि मेरी बेटी रूपा धीवर मर्डर केस का सीसीटीवी फुटेज मुझे दो,तब प्रार्थिया ने कहा कि उसके पास पास नहीं है तथा उसकी बेटी रानी देवांगन भी बोली कि हमारे पास कोई सबूत नही है। इतना बोलने पर सुरेंद्र धीवर गालियां देने लगा। इस दौरान आरोपी सुरेंद्र धीवर का लड़का गोलू उर्फ कौशल धीवर, रामेश्वर धीवर एवं गोपी धीवर आए और एक राय होकर प्रार्थिया और उसकी बेटी से मारपीट करने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया गया है।

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 2 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद की सामान्य सभा की बैठक 2 मई 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मोंगरा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद करेंगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक द्वारा जारी सूचना में सभी विभाग प्रमुखों को बैठक में अद्यतन विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने एवं संबंधित दस्तावेजों की 30 प्रतियां पीपीटी सहित बैठक से तीन दिन पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत विकास निधि 2025-26 कार्य योजना, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2025-26 कार्य योजना एवं अध्यक्ष की सहमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## ओलावृष्टि से फसल प्रभावित, मुआवजे की मांग लेकर विधायक से मिले किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विगत दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि के चलते पटेवा एवं सिरपुर क्षेत्र में रबी फसलों को हुए नुकसान के संबंध में मंगलवार को क्षेत्र के किसान महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के पास पहुंचे। किसानों ने अपनी समस्या विधायक के समक्ष रखी। विधायक सिन्हा ने उनकी समस्या एवं मांग को सुनकर उनसे चर्चा की।

उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया है कि फसल नुकसान का मुआवजा उन्हें मिलेगा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर, भाजपा नेता मुन्ना साहू, शम्मी सलूजा, सुनील पटेल, विकास अग्रवाल, उमेश गोल्डी साहू, जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव सहित अलग-अलग ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच सहित किसान उपस्थित रहे। किसानों ने बताया कि सोमवार की शाम तेज गरज चमक के साथ क्षेत्र में वर्षा हुई। साथ ही तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि भी हुई। इससे उनके द्वारा रबी सीजन में लिए गए धान फसल को नुकसान हुआ है। फसल प्रभावित होने से अब उन्हें आर्थिक



रूप से भी परेशानी होने का डर सता रहा है। इसलिए वे सभी शासन से मुआवजे की मांग लेकर विधायक के समक्ष उपस्थित हुए हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसानों से चर्चा की। साथ ही उनकी परेशानियों को भी सुना। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के तहसीलदार, एसडीएम, कृषि विभाग के अधिकारी एवं कलेक्टर से इस संबंध में चर्चा की। साथ ही उन्होंने इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से भी चर्चा की।

### विधायक ने किसानों को दिया आश्वासन

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसानों को आश्वासन दिलाया है कि प्रक्रिया के तहत सभी ओलावृष्टि प्रभावित किसान भाइयों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है, जो किसानों के साथ हमेशा खड़ी रहती है। इसलिए उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

### इन गांवों के फसल को हुआ नुकसान

किसानों ने बताया कि पटेवा क्षेत्र के नवागांव, ओडार, झिलमिला, बोडरा, ठुमसा, पटेवा, पतई, खट्टा, कोकड़ी, रामखेड़ा, मानपुर, सलिहाभाठा, तोरला, तेंदुवाही, सिनोधा, भावा, रामसागर, बनपचरी, बरेकेल, दर्रीपाली, चिरको, पचपेड़ी, नवागांव (मानपुर) के किसानों की फसल ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है। साथ ही सिरपुर क्षेत्र के कुहरी, जलकी, बांसकुढ़ा - 01, बांसकुढ़ा - 02, छपोराडीह, अचानकपुर, सिरपुर में भी फसलों को नुकसान हुआ है।

## गुहार : किसान अब मुआवजे के लिए कर रहे फरियाद

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल को बड़ा नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बीते दो दिनों में हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि ने किसानों की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। किसान अब मुआवजे के लिए कलेक्टर से फरियाद कर रहे है।

बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि ने सिरपुर क्षेत्र, पटेवा क्षेत्र, झलप क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवो मे ओलावृष्टि से रबी सीजन की धान की फसल बर्बाद हो गयी है। धान की फसल खेतो में गिर गए है और धान की बालियां झड़ कर जमीन पर गिर गई। जिससे किसानो की सैकड़ों एकड़ की फसल बर्बाद हो गयी है। नुकसान इतना हुआ है कि किसानों को लागत भी निकलना मुश्किल हो रहा है। किसान अब प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगा रहे हैं।

किसान हीरालाल निषाद, माखन लाल सेन ने बताया कि ओलावृष्टि मात्र बीस मिनट ही हुई, पर ओलों की साइज 80 से 100 ग्राम थी जिससे हम किसानों की धान की फसल चौपट हो गई है। एक एकड़ मे लगभग 20 से 25 हजार रुपये का खर्च आता है। ऐसे मे लागत भी नहीं निकल सकता है इसलिए शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग करने आये है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि अपर कलेक्टर के नेतृत्व मे तहसीलदार, आरआई, पटवारी को आंकलन करने को कहा गया है। जो नियम होगा उस अनुसार समस्या का समाधान निकाला जाएगा। गौरतलब है कि ग्राम जलकी, छपोरा, अचानकपुर, बंदोरा, पटेवा, झलप, फुसेराडीह, बांसकुडा, बिरबिरा, नवागांव, खट्टा, घुघली आदि गांवों के किसानों की फसल ज्यादा बर्बाद हुई है।

## बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

# निरीक्षण करने खेतों में उतरे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के किसानों से किया संवाद



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों की इस पीड़ा को समझने और उसे शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बागबाहरा जनपद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ किसान नेता केशव नायक राम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, जनपद सदस्यगण तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ खेतों में जाकर निरीक्षण अभियान पर निकले। इस निरीक्षण में अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव, संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित रहे। निरीक्षण दल ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कोमा, बोईरगांव, कन्हारपुरी, कसहीबाहरा, आंवराडबरी, पतेरापाली, दारगांव, हाथीगढ़ आदि गांवों का दौरा कर किसानों से सीधे संवाद किया।

### किसानों के लिए संवेदनशीलता और मुआवजा की मांग

बागबाहरा जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने किसानों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसानों की मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, लेकिन जब प्रकृति इस प्रकार का प्रकोप दिखाए तो सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि वह किसानों के साथ खड़ी हो। मैं स्वयं इस पूरे नुकसान की रिपोर्ट जिला कलेक्टर और राज्य सरकार तक पहुंचाऊंगा। किसानों को प्रति एकड़ 30,000 रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग हम शासन से कर रहे हैं। ताकि, वे फिर से अपने खेतों में मेहनत करने के लिए सक्षम हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वे हर प्रभावित किसान के साथ खड़े हैं और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, वे चैन से नहीं बैठेंगे। वहीं जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने भी किसानों को ढांढ़स बंधाते हुए हम किसानों के साथ हैं, वे अकेले नहीं हैं। प्रशासन को सही रिपोर्ट बनवाकर भेजेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधियों में कृषि स्थाई समिति सभापति एवं जनपद सदस्य गरिमा केशव चंद्राकर, जनपद सदस्य भूमिका रामलाल सिन्हा, गिरीश पटेल, रिंकू चेतन चंद्राकर पूर्व सरपंच, सरपंच दुलारी मुकुंद सिन्हा, उमेश साहू राहुल बंछोर, पुन्नी बाई दीवान सरपंच ग्राम कोमा, प्रशासनिक अधिकारियों में बागबाहरा अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव, पटवारी किरण साहू पटवारी, कंचन साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में कृषकजन उपस्थित रहे।

## पटवारी से मारपीट, बंधक बनाया, शासकीय कागजात फाड़कर मोबाइल तोड़ा, 9 धाराओं में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पेंड्रावन में ग्रामीणों के आवेदन का निराकरण कर पटवारी के साथ 8-10 लोगों ने मारपीट करते हुए शासकीय कागजात को फाड़कर मोबाइल तोड़ दिया। मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न 9 धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सांकरा थाने में दर्ज कराए गए एफआईआर के अनुसार सांकरा का निवासी व ग्राम पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी विनय पटेल पिता श्याम कुमार पटेल 28 अप्रैल को लगभग 10.20 बजे बजे ग्राम पंचायत भवन पेण्ड्रावन में सुशासन तिहार 2025 के आवेदनों (शासकीय कार्य) का निराकरण करने के लिए उपस्थित थे। इस दौरान वह ग्राम कोटवार सद्माबाई एवं भूमिहीन कृषक रमेश पिता गोकुल, आशाराम का प्रतिवेदन बना रहा था, तभी ग्राम नवागांव निवासी निरंजन एवं ग्राम पेंड्रावन निवासी टिकेंद्र, त्रिपन, मनोज, यशवंत कुमार सहित 8-10 लोग टिकेंद्र के बोलेरो गाड़ी में आए एवं ग्राम पंचायत भवन के सामने आकर, हमारा काम नहीं करता, कहते हुए पटवारी के सिर, गाल, गर्दन, कंधा, पीठ, कमर, जांघ में मारपीट करने लगे तथा जान से मार देने की धमकी दी। वहीं निरंजन ने प्रार्थी का मोबाईल छीन कर तोड़ दिया। आरोपी टिकेंद्र ने शासकीय कागजात को फाड़ दिया गया।

प्रार्थी ने एफआईआर में बताया कि इसके बाद सभी लोगों ने उसे बंधक बनाकर एक घंटे तक ग्राम पंचायत भवन में रखा। दूसरे ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी भाग निकले। मारपीट की घटना को देखकर ग्राम कोटवार सद्माबाई बेहोश हो गई। प्रार्थी ने बताया कि उक्त घटना दौरान उसका मोबाइल टूट गया और 13,000 का नुकसान हुआ। घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को देने के बाद उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में प्रार्थी के आवेदन पर सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 221, 132, 121(1), 191(1), 190, 296, 351(2), 127(2), 324(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर के पास कोमाखान लोगों को अवैध शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। मामले में आरोपी धनेश धीवर पिता रामलाल धीवर (47 साल) लुकुपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## हथियार लेकर डराने वाले युवकों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवकों के खिलाफ कोतवाली महासमुंद और पटेवा थाने में मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को बस स्टैंड महासमुंद में एक धारदार बटन वाला चाकू को आने जाने वाले लोगों को एक युवक द्वारा डराने धमकाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर चाकू लहरा रहे युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम खगेश्वर उर्फ छोटा पिता होरीलाल श्रीवास्तव (25 वर्ष) वार्ड नं 15 महामाया पारा महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी के खिलाफ महासमुंद थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह पटेवा पुलिस को संतराम धृतलहरे निवासी ग्राम चिरको ने बताया कि 27 अप्रैल को वह अपने गांव के पीतांबर लोधी, लेखराम पटेल, दानेश्वर साहू के साथ कार से आरंग गया था। वापस लौटने के दौरान रात करीबन 9 बजे एनएच 53 रोड चिरको पड़ाव के पास पहुंचने पर एक व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेएल 9336 को तेज गति से लहराकर कार के सामने चला रहा था। जिसे रोक कर समझाइश देने पर वह व्यक्ति अपने पास रखे एक बटन वाला चाकू को निकाल कर लहराते हुए डराने धमकाने लगा। जिसे हम लोगों के द्वारा पकड़ कर डायल 112 को फोन के माध्यम से सूचना दी गई, जिसे थाना ले जाया गया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम विक्की जोशी ग्राम लखनपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## बाजार में मिट्टी के मटके समेत अन्य सामानों की दुकानें लगीं

# अक्षय तृतीया का पर्व आज, गुड्डे-गुड़ियों की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया बुधवार 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना गया है। तृतीया तिथि का प्रवेश 29 अप्रैल की रात 8 .12 बजे से होगा और 30 अप्रैल की शाम 6 बजे तक तृतीया तिथि प्रभावी रहेगी। अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर मिट्टी के मटके, गुड्डे-गुड़ियों व अन्य सामानों की दुकानें लग चुकी हैं। बता दें कि अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सबसे शुभ तिथि माना जाता है और इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना पंचांग देखे और बिना मुहूर्त निकाले किया जा सकता है। हिंदू धर्म में कई पौराणिक मान्यताएं चली आ रही हैं, इसे युगादि तिथि भी मानी जाती है। इस दिन ही त्रेता युग आरंभ हुआ और भगवान परशुराम का अवतार भी इस दिन हुआ था। धर्म में अक्षय तृतीया को सुख-समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरूआत के रूप में देखा जाता है। यह दिन मुख्य रूप से धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा को समर्पित है। इस दिन ज्यादातर लोग बिना मुहूर्त देखे शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्यक्रम कराते हैं। पर्व के करीब आते ही इन दिनों बाजार में पारंपरिक खिलौनों ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी है। बर्तन, ज्वेलरी, विवाह, चूड़ी व कास्मेटिक, सराफा, कपड़ा, ऑटोमोबाइल्स, साज-सज्जा के सामान जमकर बिक रहे हैं। इसके अलावा दूल्हे की पगड़ी, कटार तथा विवाह में लगने वाली पूजा सामग्री जैसे परी, टोकरी, मंगरोहन, नांदी टोहटी, कलश आदि के सामान जगह-जगह बिक रहे हैं।

### रचाई जाएगी गुड्डा-गुड़ियों की शादी

अक्षय तृतीया को प्रदेश में अक्ती तिहार के रूप में मनाया जाता है। वैशाख में गर्मी की अधिकता रहती है। इसलिए शरीर को ठंडा रखने के लिए या बीमारी से बचने के लिए मिट्टी के घड़े का पानी सतू, गुड़ आम, तरबूज आदि का उपयोग करने से पहले उनका दान किए जाने की परंपरा चली आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के गुड्डे- गुड़ियों का विवाह करने की परंपरा वर्षों से बच्चों के माध्यम से निभाई जाती है। जिसका उद्देश्य बच्चों को विवाह का महत्व बताना है। बच्चे भी गुड़ियों का विवाह बड़े हर्ष के साथ कराते हैं। मिट्टी के गुड्डे- गुड़ियां पिछले कई दिनों से बाजार में बिकने लगे हैं।


## शोक संदेश



### स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "

कार्यक्रम

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोटः- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पत्र होगा।

शोकाकुल परिवारः
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवासः गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे

**खबर संक्षेप**

### अध्यक्ष कावेरी की पहल पर लगा संकेतक बोर्ड

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसरोकार एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय मचेवा की छात्रा संघ अध्यक्ष कावेरी साहू ने विद्यार्थियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए महाविद्यालय मार्ग पर संकेतक बोर्ड लगाए जाने की पहल की। कावेरी साहू ने आवेदन क्रमांक 25544625 400037 के माध्यम से दिशा-सूचक संकेतक बोर्ड की मांग संबंधित विभाग से की। यह मांग शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के माध्यम से प्रेषित की गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार ने मचेवा रोड चौराहा पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय का नाम दर्शाते हुए दिशा-सूचक संकेतक बोर्ड स्थापित करवाया। यह संकेतक बोर्ड दूर से ही स्पष्ट दिखाई देता है और अब कॉलेज तक पहुंचने में विद्यार्थियों तथा आगंतुकों को कोई असुविधा नहीं होगी। यह पहल न केवल छात्राओं की सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि जनहित में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। छात्रा संघ अध्यक्ष कावेरी साहू ने इस जनोपयोगी कार्य के लिए जिला प्रशासन, उच्च शिक्षा विभाग तथा महाविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया।

### श्रीनगर से सकुशल वापसी पर रूपेश ने की कलेक्टर से मुलाकात

**महासमुंद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान श्रीनगर की डल झील के गेट क्रमांक 2 के पास बागबाहरा के सेवानिवृत शिक्षक रुपेश तिवारी अपने परिवार के साथ फंसे हुए थे। सकुशल वापसी पर उन्होंने कलेक्टर विनय लंगेह से मिलकर उनके संवेदनशील पहल के लिए आभार व्यक्त किया। जैसे ही कलेक्टर विनय लंगेह को इसकी जानकारी हुई, उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए दूरभाष के माध्यम से तिवारी से उनका कुशल क्षेम पूछा तथा उनकी वापसी के लिए आवश्यक परामर्श देते हुए उनकी सकुशल वापसी हेतु पहल की। जिसके फलस्वरूप तिवारी बागबाहरा अपने परिवार के साथ सकुशल पहुंच गए। रुपेश तिवारी मंगलवार को कलेक्टर लंगेह से सौजन्य भेंट करने के पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर लंगेह को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनकी संवेदनशीलता के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस दौरान तिवारी ने बताया कि श्रीनगर के डल झील में स्थित कन्वेंशन सेंटर में मोरारी बापू की राम कथा में शामिल होने के लिए वे श्रीनगर 19 अप्रैल पहुंचे थे। कथा श्रवण के पश्चात उनका भी पहलगाम की बैसरन घाटी जाने का कार्यक्रम था। लेकिन, उनके पहलगाम जाने के एक दिन पहले ही दुखद आतंकी घटना घट गई। जिसके चलते आसपास के क्षेत्रों में अफरातफरी और डर का माहौल था।

# छत्तीसगढ़ में बाल विवाह रोकने विशेष अभियान, अक्षय तृतीया पर विशेष सतर्कता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को बाल विवाह से मुक्त करने के संकल्प के तहत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2028-29 तक राज्य को पूरी तरह से बाल विवाह मुक्त बनाना है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में, विभागीय सचिव शम्मी आबिदी द्वारा सभी जिलों और विभागों को अभियान की रणनीति और विस्तृत दिशा-निर्देश प्रेषित किए गए हैं। बाल विवाह को न केवल सामाजिक अभिशाप, बल्कि एक गंभीर कानूनी अपराध भी माना गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत, 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष एवं 18 वर्ष से कम आयु की बालिका के विवाह को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा अथवा एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

अक्षय तृतीया, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाई जाएगी, के अवसर पर विवाह आयोजनों में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए राज्य शासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन ने सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। यदि किसी को बाल विवाह की सूचना मिले तो तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थाना प्रभारी, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 या आपातकालीन सेवा 112 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है।

#### प्रशासनिक तैयारियां और सख्त निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव शम्मी आबिदी ने बाल विवाह रोकने के लिए सभी कलेक्टरों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, जिला एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि विवाह समारोहों में कानून का उल्लंघन करने पर वर-वधु के अभिभावक, सगे-संबंधी, बाराती और विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम स्तर पर कोटवार, पटवारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य शासकीय अमले से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह पंजी संधारित कर सभी विवाहों को पंजीबद्ध करने तथा राजस्व विभाग के समन्वय से शत-प्रतिशत विवाह पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### राज्य भर में सीएमपीओ की नियुक्ति

राज्य शासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत सचिवों, सेक्टर पर्यवेक्षकों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (सीएमपीओ) नियुक्त किया गया है। कुल 13,794 अधिकारी/कर्मचारी इस कार्य के लिए अधिसूचित किए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी करने की भी योजना बनाई गई है।

#### जन-जागरूकता अभियान

सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जन-जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। गांवों में मुनादी, दीवार लेखन, पाम्पलेट वितरण, रैली, वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है। अभियान की अब तक की उपलब्धि यह है कि वर्ष 2025 में विभिन्न प्रयासों से अब तक 337 बाल विवाह रोके जा चुके हैं। सरकार का उद्देश्य है कि सामाजिक और प्रशासनिक साझेदारी से छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाकर एक सशक्त और सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ाया जाए।

# माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम तथा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की दी गई जानकारी

## दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से तथा अधिक से अधिक जनजागरुकता लाने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन में न्यायिक मजिस्ट्रेट गीताजंलि कश्यप द्वारा स्थानीय दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता थीम पर आधारित शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठजनों के लिए उनके अधिकारों तथा माता-पिता भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



न्यायिक मजिस्ट्रेट गीताजंलि कश्यप द्वारा उपस्थित वरिष्ठजनों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं एवं उनके अधिकारों पर चर्चा करते हुए बताया कि जिनकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ है अथवा स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ है, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम अंतर्गत भरण पोषण करने के लिए आवेदन करने के हकदार है। वे भरण पोषण का आवेदन वरिष्ठ नागरिक, माता पिता अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष भी पेश कर सकते है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय द्वारा अधिकतम 10,000 (दस हजार रुपए) तक प्रतिमाह का भरण पोषण खर्च वरिष्ठ नागरिक, माता-पिता को दिलाया जा सकता है, जिसका संबंधित न्यायालय द्वारा आदेश की एक प्रति निःशुल्क आवेदनकर्ता को प्रदान किए जाने का भी प्रावधान है। वरिष्ठ नागरिक या माता-पिता उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण पोषण का आवेदन पेश कर सकते है अथवा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के प्रावधान के अंतर्गत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में भी आवेदन पेश करने के लिए सक्षम है। अधिनियम में इस बात का भी प्रावधान है कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सहायता के लिए यथासंभव प्रयास करेगी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा प्रदत्त कराई जाएगी। इसके अलावा न्यायिक मजिस्ट्रेट गीताजंलि कश्यप द्वारा वरिष्ठजनों का हालचाल व शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत हुए। आश्रम में दी जा रही सुविधा जैसे भोजन, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साधन, स्वास्थय सुविधा पर भी चर्चा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान करूणा के बारे में बताया गया।

## आज मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल बुधवार को मनाया जाएगा। यह पर्व हर वर्ष बैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है। कोई भी काम संपन्न किया



जा सकता है। इस दिन इतना शुभ होता है कि पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इसे अक्ती तिहार भी कहा जाता है। आज के दिन ठाकुर देव, सांहडा देव, शीतला माता, मौली माता, खेत के देवी देवता की पूजन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की जाती है। अच्छे फसलों की कामना की जाती है। घर परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु हुई रहती है, उसे अक्ती पानी दिए जाने की परंपरा है। अक्ती पानी देने के पश्चात पितर मिलाने की परंपरा है, जिन मृतक व्यक्ति को अक्ती पानी दिया जाता है उसके लिए परिवार वालों को एकत्र कर पानी दिया जाता है और भोज कराया जाता है। इस दिन दान करने का भी विशेष महत्व है। दान पुण्य करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन गुड्डा, गुड्डी का विवाह पूरे रीति-रिवाज से किया जाता है। अक्षय तृतीया का सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। मांगलिक कार्य के लिए बहुत ही शुभ होता है। साथ ही साथ आने वाले खरीब की फसल के अच्छे पैदावार के लिए देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेते हैं।

# खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश ने की मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों और ग्रामीणों को गहरा नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्रीय विधायक और पूर्व संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बागबाहरा एसडीएम को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से क्षति का आंकलन कर प्रभावितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

विधायक यादव ने पत्र में बताया कि खल्लारी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में मौसम की इस मार के चलते ना केवल किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, बल्कि कई ग्रामीणों के आवासीय मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर पात्र किसानों और ग्रामीणों को शीघ्र उचित मुआवजा

- ओलावृष्टि व बेमौसम बारिश से फसल और मकानों को हुआ भारी नुकसान



प्रदान करे। विधायक यादव ने अपने लिखे पत्र में कहा कि विधानसभा क्षेत्र के पटपरपाली, करहिडीह, टेमरी, सालहेभाटा, गांजर, भालूचुवा, बसूलाडबरी, भिलाई दादर, मोखा, चिंगारियां, लिटियादादर, टेढ़ीनारा, खैरट, मुड़ागांव, भदरसि, मोहबा, सोनासिल्ली, कसहीबाहरा, दादरगांव, लामीडीह, गोड़बाहल, पाली, सोरम, मुडियाडीह, झारा, कन्हारपुरी, चितमखर, खल्लारी, कोमा, बोहारडीह, गाड़ाघाट, बाईरगांव, आवराडबरी, कन्हारपुरी, कोलदा, अमानारा, बरबसपुर, रैताल, जोरातराई, सुखरीडबरी, हाथीगढ़, अनवरपुर, दामनबोड, गबौद, पठारीमुडा, सोनदादर, चुरकी, तरपोंगी, ओंकारबंद, मोहंदी, हाड़ाबंद, सिंघी, कलमीझर, टूरीझर, बांदुमुड़ा, लमकेनी, कौसरा, ठाकुरीपाली, कौहाकुड़ा और मोगरापाली सहित विभिन्न गांव खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित हुए हैं, जिसका प्रशासनिक मुआयना अत्यंत अनिवार्य है। विधायक यादव ने कहा कि इन गांवों के किसान और ग्रामीणजन इस प्राकृतिक आपदा से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, ऐसे में शासन की ओर से तुरंत राहत राशि जारी किया जाना आवश्यक है, ताकि वे दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सकें। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में टीम भेजकर नुकसान का आंकलन करवाया जाए और पीड़ितों को शीघ्र राहत दी जाए, जिससे वे इस संकट की घड़ी से उबर सकें।

# नपाध्यक्ष ने सीसी रोड का भूमिपूजन व तीन स्थानों पर किया बोर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नयापारा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बोर का पूजा अर्चना कर शुभारंभ तथा सीसी रोड का भूमिपूजन किया। ये सभी बोर पूर्व में उत्खनित किए गए थे। जिसमें नपाध्यक्ष ने पेयजल संकट समाधान के लिए नागरिकों की मांग पर मोटर पंप लगाने के निर्देश दिए थे। अध्यक्ष के निर्देश पर सभी बोर में मशीन लगाया गया। जिसका आज साहू ने



शुभारंभ किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। बोर में मशीन लगने से अब आसपास के लोगों को पानी की कमी नहीं होगी। जल संकट से निबटने पालिका द्वारा सभी वार्डों के लिए विशेष तैयारी की गई है। इसके अलावा सभी वार्डों में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। वार्ड 7 के बुगलू चौक तथा वार्ड 6 के माया पांडे घर के पास व सरफराज गली में तीन स्थानों पर बोर का शुभारंभ किया गया है। इसी तरह नपाध्यक्ष साहू ने बुगलू चौक से बिसई घर तक सीसी रोड निर्माण का भी भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड 7 के पार्षद मुश्ताक विक्की खान, वार्ड 6 के पार्षद सीता टोंडेकर, सुशीला बरिहा, अशोक साहू मौजूद रहे।

### सुशासन तिहार में प्राप्त सीमांकन शिकायतों का निराकरण शुरू, राजस्व टीम ने की नापजोख

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण नागरिकों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासनिक पहल भी शुरू हो गई है। राजस्व प्रकरण का निराकरण किसानों के लिए बहुत अहम है। एक इसी कड़ी में महासमुंद जिले के ग्राम चौकबेड़ा निवासी बृजप्रसाद ने उपतहसील पटेवा में एक आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसमें उन्होंने ग्राम बंबूरडीह स्थित अपनी कृषि भूमि (खसरा नंबर 490, रकबा 0.28 हे.) का सीमांकन कराने की मांग की है। आवेदक ने बताया कि वे एक कृषक हैं और भूमि की स्पष्ट सीमांकन से उन्हें खेती कार्यों में सुविधा होगी व भविष्य में किसी भी प्रकार के भूमि विवाद से बचा जा सकेगा। साथ ही आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज – बी1, खसरा, नक्शा एवं चालान की प्रति भी संलग्न की गई है। नागरिकों द्वारा शिकायतों में सीमांकन की मांग की गई थी। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू और राजस्व विभाग की टीम ने संबंधित स्थलों पर जाकर नाप-जोख की कार्रवाई की। इस अवसर पर पटवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। राजस्व अधिकारियों ग्रामीणों के विश्वास दिलाया है कि सभी शिकायतों का जल्द और निष्पक्ष समाधान किया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 नग मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हुकुम चंद्राकर पिता स्व. छन्नूलाल चंद्राकर वार्ड नं. 17 पुरानी बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल की रात उनके घर से 2 नग मोबिल कीमत 12,000 को किसी अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम अज्ञात चोर की पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 2 लोग बस स्टैंड महासमुंद में मोबाइल बेचने हेतु ग्राहक तलाश कर रहे है। टीम द्वारा मुखबिर के निशानदेही पर बस स्टैंड महासमुंद में जाकर02 व्यक्ति को घेराबंदी कर मोबाइल के साथ पकडा गया। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपने-अपने नाम अर्जुन दास मानिकपुरी पिता ईश्वर दास मानिकपुरी (21 वर्ष) शंकर नगर रेलवे लाईन किनारे महासमुंद एवं दीपक भोई पिता परमानंद भोई उम्र 18 वर्ष महापाया पारा वार्ड नं. 16 महासमुंद होना बताया। मोबाइल के संबंध में पूछताछ करने पर कुर्मीपारा महासमुंद में एक घर के खिड़की के पास रखे 2 नग मोबाइल को चोरी करना एवं 02 नग मोबाइल अन्य जगह से चोरी कर आपस में बांट लेना बताया। आरोपियों के कब्जे से 4 नग मोबाइल कीमत 24000 रुपए को जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# शासकीय भूमि गौठान से अवैध कब्जा हटाए जाने नायब तहसीलदार ने जारी किया नोटिस

## तहसीलदार के निर्देशानुसार पटवारी ने जांच कर प्रस्तुत किया प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

शासकीय भूमि गौठान पर निर्मल सिदार पिता तुलाराम सिदार निवासी बरोली द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किए जा रहे मकान को रोकने के लिए राजस्व विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण को मुक्त किए जाने नायब तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी कर 05 मई 2025 को तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में नरवा, गरवा, घुरवा अऊ बारी के संरक्षण हेतु प्रत्येक पंचायत में गौवंश को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण किया गया है। बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में गौठान के लिए एक एकड़ जमीन आरक्षित कर निर्माण कार्य कराया गया था। परंतु, निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पूर्व के भूपेश सरकार ने एक अच्छे सोच के लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रखने हेतु गौठान योजना लागू किया था।

खबर का असर



जमीनी स्तर पर यह योजना सफल नहीं हो पाई, लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आबंटित शासकीय भूमि को कब्जा करने जरा भी नहीं सोचा कि भविष्य में क्या होगा। ग्राम पंचायत बरोली में गौठान की शासकीय भूमि पर निर्मल सिदार द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए राजस्व विभाग के जांच दल द्वारा जांच कर तहसीलदार को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जैसे ही नवनिर्वाचित सरपंच को पता चला कि गौठान के लिए आरक्षित भूमि है। ग्राम पंचायत बरोली के सरपंच द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी कर विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

#### गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का पंचायत को अधिकार

उल्लेखनीय है कि गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा होने पर छत्तीसगढ़ राज पंचायत अधिनियम 1993 के तहत ग्राम पंचायत को अतिक्रमण हटाने का अधिकार है और पंचायत धारा 56 के तहत कार्रवाई कर सकता है। पंचायत राज अधिनियम में प्रावधान है कि पंचायत में प्रस्ताव कर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत गांव की सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन व उसमें अतिक्रमण रोकने का दायित्व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया है।



# भाजपाइयों ने नरेश टिकैत का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- देशद्रोह बयान का किया विरोध, टिकैत के बयान की निंदा की

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा बीटीआई रोड में नरेश टिकेत का पुतला दहन किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिंह ने कहा कि नरेश टिकैत द्वारा देशद्रोह बयान दिया गया है, इससे देश के नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता क्षुब्ध व गुस्से में है। टिकैत के बयान की घोर निंदा करते हैं। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने बताया कि प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में आज पुतला दहन किया जा रहा है। भाजपा संगठन नरेश टिकैत के बयान की घोर निंदा करता है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाला चंद्राकर, संदीप घोष, मुन्ना साहू, सिरपुर मंडल अध्यक्ष दुर्गेश्वरी चंद्राकर, हाफिज, सुनील पटेल, मम्मी सलूजा, अरविंद प्रहरी, हनीस बग्गा, शरद राव, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## बेलसोंडा में हुआ बोर खनन, पेयजल समस्या से मिलेगी निजात

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में ग्रामवासियों की मांग पर बोर खनन होने के बाद समस्त ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में पानी की समस्या न हो, इसके लिए उनके द्वारा महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर गांव में बोर खनन की मांग की गई थी। मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक सिन्हा ने अनुशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकृति के लिए पत्र लिखा। मंत्री की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद गांव में साहू सामाजिक भवन के पास बोर खनन हुआ है। इस कार्य के लिए जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, ग्राम सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है। ग्रामवासियों ने बताया कि गर्मी में उन्हें पेयजल एवं निस्तारी की समस्या न हो इस कारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से गांव में बोर खनन की मांग की थी। अब बोर खनन होने के बाद भीषण गर्मी में उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही कुछ दिनों पहले विधायक ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कोडार बांध से गांवों में निस्तारी के लिए पानी देने निर्देशित किया था। जिसके बाद गांव के चार तालाबों को नहर के माध्यम से भरा गया है। इससे निस्तारी की समस्या भी नहीं होगी।

कार्रवाई : सुशासन तिहार में की गई शिकायत, अवैध कब्जे में थी सरकारी जमीन

# दस साल से वन विभाग की ज़मीन पर कब्जा, शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

वन विभाग की निष्क्रियता और लापरवाही के चलते वन परिक्षेत्र के ग्राम बुंदेली में स्थित वन रक्षक आवास पर करीब 10 वर्षों से अवैध कब्जा किया गया था। लेकिन, वन विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही कब्जा हटाया। परंतु, जब ग्राम वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विमल दास महंत ने सुशासन तिहार में इस अतिक्रमण की शिकायत की, तब शासन-प्रशासन के सक्रिय होने के बाद मंगलवार को वन विभाग, राजस्व और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कब्जा हटाया गया।

मिली जानकारी अनुसार यह वन रक्षक आवास भवन लगभग 40 वर्ष पूर्व बना था, लेकिन लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था, जिस कारण वन रक्षक का निवास नहीं हो पा रहा था। इसी का लाभ उठाकर ग्राम बुंदेली के ही मंशाराम पिता रतिराम ने आवास परिसर के आधे हिस्से में झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया और ट्रैक्टर आदि खड़े करने लगा। कई बार विभागीय स्तर पर समझाइश दी गई, परंतु मंशाराम द्वारा कर्मचारियों से गाली-गलौज तक की गई। इसके बाद वन विभाग द्वारा तहसील न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की गई, जिसमें निर्णय वन विभाग के पक्ष में आया, बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। ग्रामीणों द्वारा जब इस मामले की शिकायत सुशासन तिहार में किया गया, तब शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल निर्देश जारी किए और तहसीलदार नितिन ठाकुर, उप वनमंडलाधिकारी उदयराम बसंत, प्रभारी रेंजर सालिकराम डड़सेना एवं पुलिस बल की उपस्थिति में मंगलवार को कब्जा हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद परिसर की साफ-सफाई, पौधारोपण तथा तारबंदी कर परिसर को सुरक्षित किया गया।



### वन विभाग के चुप्पी पर सवाल

वन विभाग की इस चुप्पी ने यह साफ कर दिया है कि सिस्टम तभी जागता है जब उसकी गर्दन पर जनता का हाथ पड़ता है। दस साल तक सरकारी जमीन पर कब्जा किए बैठा व्यक्ति न सिर्फ बेखौफ रहा, बल्कि विभागीय कर्मचारियों को धमकाने तक की हिम्मत करता रहा यह घटना बताती है कि जमीनी स्तर वन विभाग के द्वारा उस वक्त कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### वन विभाग की खामोशी बनी अतिक्रमण की ढाल

दस वर्षों तक सरकारी जमीन पर कब्जा बना रहना कोई सामान्य बात नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि वन विभाग ने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह पल्ला अतिक्रमणकारी बेखौफ होकर सरकारी संपत्ति को निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल करता रहा। जबकि, विभागीय अधिकारी कुर्सी पर चुपचाप तमाशा देखते रहे। यह चुप्पी सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि एक तरह की संस्थागत असफलता और जवाबदेही से भागने का उदाहरण है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## लाफिनखुर्द में परीक्षा परिणाम घोषित, चांदनी रही अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में घोषित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं की छात्रा चांदनी साहू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। जिसके पश्चात परीक्षा प्रभारी प्रीति चंद्राकर (व्याख्याता) ने परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं में कुल 58 छात्र-छात्राएं प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 32 छात्र उत्तीर्ण, 15 छात्र पूरक तथा 11 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम 58 प्रतिशत रहा। मुख्य अतिथि नामदेव साहू ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मेहनत व लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। संतोष कुमार साहू ने कर्म प्रधान विश्व रची राखा जैसे दोहों के माध्यम से छात्रों को अपने कर्म पर विश्वास रखते हुए सतत परिश्रम करने की सीख दी। पूर्व सरपंच देव कुमार टंडन ने शिक्षकों और छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम हेतु सतत प्रयास करने को कहा। विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह व कलम भेंट कर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन प्रीति चंद्राकर ने किया। संचालन विनीता अंजलि दीवान (व्याख्याता) ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, उषा पटेल सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य लोमष साहू, भोजराम साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, निर्मला बाई एवं नंदनी साहू, कार्यालय स्टाफ में संदीप तिवारी, राधेश्याम सोनी, अमित देवांगन, प्रकाश चंद्राकर मौजूद रहे।

# दिव्यांग हितग्राही वीरेंद्र को मिली ट्रायसाइकिल

## अब वीरेंद्र दैनिक जिम्मेदारियाँ निभाएंगे पूरे आत्मसम्मान के साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच एवं नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान आम जनता की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निराकरण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस तिहार के माध्यम से न केवल जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, अपितु प्रत्येक नागरिक में यह विश्वास भी सुदृढ़ हो रहा है कि शासन उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस अभियान के प्रथम चरण में नागरिकों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन आमंत्रित किए गए, जिन पर जिला स्तरीय प्रशासन द्वारा गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में महासमुंद जिले के पिथौरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भोकलूडीह निवासी 50 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग वीरेंद्र बरिहा द्वारा ट्रायसाइकिल के लिए आवेदन क्रमांक 25144637900279 प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संबंधित विभाग द्वारा इस आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद पंचायत पिथौरा में 28 अप्रैल को वीरेंद्र बरिहा को ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। जैसे ही वीरेंद्र ने अपनी नई ट्रायसाइकिल थामी, उनकी आंखों में कृतज्ञता और आत्मनिर्भरता की चमक स्पष्ट दिखाई दी। अब उनके लिए गांव की गलियां, हाट-बाजार और सामाजिक मेल-जोल पहले की तुलना में कहीं अधिक सहज हो गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की इस जन-हितैषी पहल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ट्रायसाइकिल मेरे लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि यह उन्हें दैनिक आवागमन में सुविधा और आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी। ज्ञातव्य है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है, ताकि शारीरिक रूप से असक्षम नागरिकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिले।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव देश की जरूरतः अलका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा समर्थन में बागबाहरा के झलप चौक में व्यापारियों के बीच जाकर संवाद करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अलका चंद्राकर ने कहा कि आज एक राष्ट्र एक चुनाव देश की आवश्यकता है, जिससे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी पारदर्शी आर्थिक रुप से मजबूत बनाना है।

बार-बार चुनाव कराने से खर्च, संसाधनों की बर्बादी होती है। बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य रुक जाते हैं। चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के खर्चों में कमी आएगी। गत 2019 की लोकसभा चुनाव में 60000 हजार करोड़ ऊपर खर्चे हुए थे। जबकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में 135,000 लाख करोड़ रुपए खर्चे हुए। जन जागरण समर्थन के लिए बागबाहरा में अभियान चलाया गया। इस अवसर पर डिंपल ध्रुव, हेमंत तिवारी, भोजनाथ देवांगन, जानवी साहू, गिरीश चक्रधारी, हीरा साहू, योगेश चिंदा, मोगेश चंद्राकर, सविता दीवान, धनराज साहू, अशोक दीप, नितेश पांडे, अतुल गडेचा, मनिंदर सलूजा आदि उपस्थित थे।

# रामचरितमानस कथा धार्मिक आस्था का प्रतीक : विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल सांकरा के ग्राम देवसराल में श्रीरामचरितमानस कथा में पहुंचे एवं प्रभु के चरणों में सर्वमंगल की कामना की। विधायक ने कहा कि रामचरितमानस की कथा धार्मिक आस्था का प्रतीक है, यह कथा समाज मं। नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का संचार करती है। प्रभु राम जीवन जीने की शैली है। हम सभी को उनके जीवन व आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। ग्रामवासियों ने विधायक का सम्मान किया एवं गांव में पानी की समस्या को बताते हुए सांकरा जोंक नदी में बांध बनाने की मांग की, जिस विधायक ने जल्दी पूरा करवाने की बात कहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, सांकरा सहकारी समिति अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, महामंत्री मनोज बारीक, निज सचिव नरेंद्र बोरे, कार्यालय प्रभारी दिव्य कुमार प्रधान, दिनेश पटेल मौजूद रहे।



### ज्योति कलश यात्रा का गांवों में हुआ स्वागत

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युग निर्माण योजना के अंतर्गत श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 24 लाख गायत्री महामंत्र जप के लिए जिस ज्योति कलश के समक्ष साधना की गई थी, उस ऐतिहासिक साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज्योति कलश यात्रा पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में यह पावन यात्रा महासमुंद ब्लॉक के ग्राम पटेवा, रायतुम, रुमेकेल, सिनोधा, बनपचरी एवं नवागांव का भ्रमण करते हुए वहाँ के 275 परिजनों से संपर्क में आई। इस अवसर पर हम बदलेंगे, युग बदलेगा एवं हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा जैसे युग निर्माणी संदेशों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 275 सत संकल्प पत्रक, 160 अखंड ज्योति मासिक पत्रिका, 250 गायत्री चालीसा तथा पॉकेट बुक्स का वितरण किया गया। साथ ही सामूहिक सत संकल्प पाठ भी संपन्न कराया गया। इस पुण्य यात्रा में रामचरण पटेल, प्रीत राम, धनी राम, अनिल उईके, आनंद राम, शंकर, गोपाल, घनश्याम, बलदेव, नारायण, ताम्रध्वज, गाजी राम, निमेश्वर एवं गणेश ने सक्रिय भूमिका निभाई। रथ यात्रा का संचालन गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से ललित मेश्राम, हीरालाल साहू, परस सिंह चौहान द्वारा किया गया। साथ ही महिला मंडल की पूर्णिमा, निशा, लक्ष्मी राहंगडाले, रामकुमारी दीदी एवं दुलारी दीदी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

# आतंकवाद के खिलाफ पिथौरा में गूंजा जनाक्रोश

## नगर में विधायक डॉ संपत अग्रवाल के नेतृत्व में निकाला गया कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में सैलानियों की नृशंस हत्या से पूरा देश आक्रोशित है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से पिथौरा में एक भावनात्मक और प्रेरणादायक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का नेतृत्व विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने किया।

यह कैंडल मार्च राधिका होटल से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक तक पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में भाजपा समर्पित कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा वर्ग और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर आतंकवाद के खिलाफ मौन संदेश दिया। शहीद स्मारक पर पहुंचकर विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने पहलगाम हमले में शहीद हुए 26 निर्दोष सैलानियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ अग्रवाल ने घटना की तीखी निंदा करते हुए कहा कि धर्म के आधार पर निर्दोषों की हत्या मानवता पर कलंक है। निहत्थे देशवासियों पर किया गया यह हमला कायरता की पराकाष्ठा है। भारत की अस्मिता से खेलने वालों को जड़ से खत्म करना होगा। देश का हर नागरिक इस लड़ाई में सरकार के साथ है। उन्होंने आगे कहा कि भारत और भारतवासी न आतंकवाद के सामने झुके हैं और न कभी झुकेंगे। यह घटना बेहद शर्मनाक है। आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई कर रही है, जिसका परिणाम जल्द सामने आएगा। कार्यक्रम में सरपंच, पंच, महिला-पुरुष कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, छात्र-छात्राएं और अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और देश की एकता व अखंडता के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

न्यायालय श्रीमान मंजीत जांगड़े व्यवहार न्यायाधीश बसना, जिला - महासमुंद (छ.ग.)

प्रो. नं..........
प्रकरण क्रमांक-01-बी / 2025
पेशी तारीख - 17.06.2025

**प्रेमलाल पटेल**
**बनाम**
**ललित पटेल**

उपरोक्त वादी प्रेमलाल पटेल के द्वारा प्रतिवादी ललित पटेल के विरूद्ध दावा वास्ते क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने हेतु माननीय न्यायालय-व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बसना, जिला- महासमुंद (छ.ग.) में प्रस्तुत किया गया है और उक्त दावा वास्ते क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने हेतु की सुनवाई हेतु दिनांक-17.06.2025 की तिथि नियत है ।

अतः प्रतिवादी ललित पटेल पिता स्व. हरिअर्जुन पटेल, उम्र लगभग 67 वर्ष, निवासी-गढ़पटनी, थाना व तहसील - बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.) को उक्त दावा वास्ते क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11:30 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये की जाएगी।

**नोट:**-अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 23/04/2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(मंजीत जांगड़े)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बसना
जिला-महासमुंद (छ.ग.)
मुहर

# विधायक ने किया सेवानिवृत्त शिक्षक हेमंत का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सेवानिवृत्ति शिक्षक हेमंत साहू के निवास स्थान ग्राम देवसराल पहुंचकर सम्मान किया।

शिक्षक हेमंत साहू कई वर्षों से बिजेमाल स्कूल में अपनी सेवाएं दी है। अपने सरल स्वभाव से इस क्षेत्र में जाने जाते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, सांकरा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, देवसराल सरपंच प्रतिनिधि महेत्तर चौहान, सोसाइटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जनपद सदस्य कमलजीत सिंह छाबड़ा, महामंत्री मनोज बारीक, विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, दिनेश पटेल, सत्यवान साहू, जितेंद्र साहू, संकुल प्रचार्या यमुना पांडे, संकुल समन्वयक तुलाराम राणा, शिक्षक अनिल भोई, द्रोण साहू, अनिल भोई, राम प्रसाद बरिहा, रामचरण बरिहा, प्रभुलाल नायक, सदानंद पांडे, निशा कुलदीप, रुचि दुबे, वीणा नायक, लता पटेल, ग्राम प्रमुख दीपक मांझी, विश्वनाथ साहू, विवेक साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर व्यापमं द्वारा गुरुवार 01 मई को पीपीटी प्रवेश परीक्षा सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा में कुल 511 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर विनय लंगेह ने परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। परीक्षा केंद्र 2301 शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा के प्रशासनिक भवन में 360 एवं इसी महाविद्यालय के केंद्र क्रमांक 2302 कला भवन में 151 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी केंद्र में सुबह 8.30 से सुबह 9 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं। पश्चात प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर ने बताया कि परीक्षा की आवश्यक तैयारी कर ली गई है। विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए व्यापमं द्वारा जारी मूल प्रवेश पत्र एवं आई कार्ड के मूल प्रति जैसे वोटर कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस साथ लाने कहा गया है। बिना मूल प्रवेश पत्र एवं आई कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दोनों केंद्रों के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति भी की गई है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टीकम बने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**नर्रा।** क्षेत्र के बहुचर्चित लोक कला मंच लोक संध्या संस्था एवं श्रद्धा के फूल मानस मंडली के संस्थापक लोक गायक टीकम पटेल मुनगासेर (झलप) निवासी को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन महासमुंद जिले के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर जिले के कलाकारों, लोक गायक डिमान सेन, लोक गायक विश्राम यादव, लोक गायक विनोद दीवान, मनोज यादव, बालेश साहू, नाचा गम्मत लोक कलाकार रजीत चक्रधारी सहित कलाकारों ने हर्ष जताया है।

### एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी आज

**महासमुंद।** एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन 30 अप्रैल बुधवार दोपहर 3 बजे स्थानीय स्वाध्याय केंद्र कॉलेज रोड में आयोजित है। आयोजन समिति छत्तीसगढ़ महतारी सेवा समिति महासमुंद द्वारा बताया गया कि मुख्य वक्ता बतौर भूपेंद्र राठौर पूर्व शासकीय अधिवक्ता, समाजसेवी गण देवेंद्र दुबे, संदीप दीवान, राजश्री ठाकुर, अखिलेश लूनिया, गुलाब जैन होंगे। समिति द्वारा महासमुंद विधानसभा के नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों से अपील की गई कि उक्त संगोष्ठी में सादर आमंत्रित है।

## निधन

### गौरीबाई पटेल



**नर्रा।** ग्राम कोकड़ी निवासी गौरी बाई पटेल का निधन 27 अप्रैल रविवार को हो गया। वे ताराचंद पटेल, नूतन पटेल की मां थीं। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में अनेक नागरिक एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



विधायक ने दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, की-बोर्ड एवं स्मार्ट ईयरफोन प्रदान किया

# दिव्यांगता सफलता में बाधा नहीं : विधायक सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए कार्यक्रम का आयोजन

समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए महासमुंद जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, की-बोर्ड और स्मार्ट ईयरफोन वितरित किए गए। यह सहायक उपकरण महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा प्रदान किए गए।

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद के तत्वावधान में गत दिवस आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में तीन विद्यार्थियों जिसमें शासकीय हाईस्कूल लाटादादर पिथौरा के कक्षा नवमी के छात्र हेमंत भोई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलडीह की कक्षा दसवीं की छात्रा तारा निषाद एवं हाईस्कूल सिंघोड़ा की कक्षा नवमी की छात्रा खिलेश्वरी मिरी को ये सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगता सफलता में बाधा नहीं है। उन्होंने कहा, यदि संकल्प दृढ़ हो तो कोई भी व्यक्ति कठिन परिश्रम से जीवन में ऊँचाइयाँ हासिल कर सकता है।

आज अनेक दिव्यांगजन देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत होकर समाज को प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। चयनित विद्यार्थियों को स्मार्ट उपकरणों के प्रभावी उपयोग के लिए 24 से 26 अप्रैल तक ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान, निमोरा, रायपुर में विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम को डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नागरिक, शिक्षा विभाग के अधिकारी और चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

आंदोलन : 50 बार से ज्यादा आवेदन निवेदन, फिर भी नहीं बनी बात

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कल करेंगे स्वास्थ्य भवन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी समय पर वेतन नहीं मिलने, संविलियन, ग्रेड पेय स्केल निर्धारण, मेडिकल अवकाश, क्लिनिकल एवं मैनेजमेंट दोनों ही वर्ग के लिए पब्लिक हेल्थ कैडर की मांग को लेकर 1 मई को स्वास्थ्य भवन नवा रायपुर का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने कहा कि संघ 20 वर्षों से मांग करता आ रहा हैं, लेकिन आजपर्यंत तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जबकि, मणिपुर, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु में नियमितीकरण एवं मेडिकल अवकाश जैसे कोई महत्वपूर्ण सुविधा दिया जा चुका हैं।

तमिलनाडु राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों का समयबंध रूप से नियमितीकरण होता जाता हैं, मातृत्व राज्य मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में अच्छे पॉलिसी बनाया गया हैं। इन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को जुलाई 2023 के विधानसभा में घोषित 27 प्रतिशत की वेतन की राशि भी अप्राप्त है। जबकि, कई विभागों को इसका यह राशि प्रदान किया गया हैं। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को 20 वर्ष हो चुके हैं। इसके बाद भी कर्मचारियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे कर्मचारी बहुत निराश एवं आक्रोश में है। कई राज्यों में कर्मचारियों का ग्रेड पे स्केल नियमितीकरण, बेहतर सेवा शर्तें, नौकरी की सुरक्षा मिल चुकी हैं। इसके चलते प्रदेश एनएचएम कर्मचारियों ने यह तय किया गया हैं कि समय पर वेतन नहीं मिलने तथा अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ्य भवन का घेराव किया जाएगा।



जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे कहा कि प्रदेश के 13 से 14 जिले में मार्च का वेतन अप्राप्त है। जबकि, अन्य जिले में वेतन मिल रहा। महासमुंद में मार्च का वेतन मिल चुका है। परंतु, अप्रैल माह का वेतन देने के किये फंड नहीं है, ऐसे अन्य जिलों की भी स्थिति है। पूर्व में जो नियमितीकरण का वादा किया था, उसको अभी तक पूरा नहीं किया गया, ना ही बढ़ी हुई 27 प्रतिशत का वेतन भी अप्रप्त है। इसलिए 1 मई मजदूर दिवस पर स्वास्थ्य भवन का घेराव किया जाएगा। जिसमें सभी प्रकार के स्वास्थ्य सेवा बाधित रहेगा। जिले में 450 से अधिक एनएचएम संविदा कर्मचारियों तैनात है, जो कि मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल, सीएमएचओ कार्यलय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान मंदिर, उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रबंधक, कंसलटेंट, मेडिकल ऑफिसर, सहायक चिकित्सा अधिकारी, सोसल वर्कर, स्टॉफ नर्स, लेब टेक्निशियन, सचिव सहायक, जेएसए, एएनएम, फार्मासिस्ट आदि कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने में जी जान लगा रहे है। 1 मई मजदूर दिवस पर स्वास्थ्य भवन का घेराव करने के लिए सामूहिक अवकाश की सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अस्पताल अधीक्षक, बीएमओ व अस्पताल प्रभारी को दे दी गई है। इस परिस्थिति में विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होगी। साथ ही सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम टीकाकरण, प्रसव सेवा, टीबी कार्यक्रम, तंबाकू, मलेरिया, महामारी नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य आदि सेवाएं बाधित होगी, जिसे आम जनता पर असर दिखेगा।

# नेशनल शतरंज में सौम्य और भूमिका दूसरी बार किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत चेस टूर्नामेंट कोरबा में आयोजित हुआ। बालिका अंडर- 14 में भूमिका साहू महासमुंद (केंद्रीय विद्यालय ) 5 में 5 अंक स्कोर के साथ (गोल्ड) प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रायगढ़ में आयोजित चेस अंडर-17 बालक में सौम्य कुमार महासमुंद (केंद्रीय विद्यालय) ने 6 में सर्वाधिक 5 अंक स्कोर के साथ (गोल्ड) प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आगामी होने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 54वीं राष्ट्रीय खेल समारोह में शतरंज खेल में भाग लेंगे। गत वर्ष भी शतरंज में दोनों केंद्रीय विद्यालय संगठन के 53वीं राष्ट्रीय खेल महोत्सव में रायपुर संभाग छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करने वाले टीम में शामिल थे। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे, हरिकृष्ण रेड्डी शतरंज प्रशिक्षक राजनांदगांव, शिक्षक वीएन प्रधान, संदीप पटले, नारायण साहू, दिनेश चंद्राकर, रूपेश पटेल, राजेश साहू, राजू कंवर, विजय साहू, खिलेश सोनबेर, राजेंद्र हनुमंता, चंद्रहास साहू, आनंद साहू, सुभाष साहू, नाना साहेब मानिकपुरी, गोपाल साहू, गजेंद्र साहू सहित परिवारजनों एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है। बिरकोनी निवासी नारायण लाल साहू के नाती सौम्य कुमार साहू और भूमिका साहू केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में अध्ययनरत छात्र है तथा शिक्षक दंपत्ति ईश्वर साहू व लेखनी साहू के पुत्र-पुत्री है।



# सलिहाभाठा प्राथमिक शाला में छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, पुरस्कार देकर किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा क्षेत्र के प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों का शैक्षिक गतिविधियों का वार्षिक परिणाम प्रबंधन समिति एवं पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। वर्षभर किए परिश्रम का परिणाम जानने बच्चे खासे उत्साहित थे। बच्चों के कक्षा में प्रावीण्य स्थान के अलावा स्टूडेंट ऑफ दी ईयर छात्र-छात्रा, अधिक उपस्थिति, सक्रिय छात्र, सहयोगी छात्र, उत्साही छात्र का भी चयन किया गया। साथ ही कक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को युवा समूह से हितेश दीवान द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। शाला का वार्षिक परिणाम में स्टूडेंट ऑफ दि ईयर (उत्कृष्ट छात्रा) रुखमणी ध्रुव, सर्वाधिक उपस्थिति नोव्या ध्रुव कक्षा 2, सक्रिय उपस्थिति में मुकेश ध्रुव, प्रेमसागर ध्रुव, शिखर दीवान, राखी साहू, खोमन ध्रुव, द्रोणिका ध्रुव का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इसी प्रकार कक्षावार परिणामों में कक्षा 1 से खोमन ध्रुव, घनिका यादव, शिवांश दीवान, कक्षा 2 में मीरा ध्रुव, राखी साहू, नोव्या ध्रुव, कक्षा 3 में हिमांशी साहू, प्रियंका यादव, काव्या सिन्हा, कक्षा 4 में रूखमणी ध्रुव, तन्मय निर्मलकर, तीरथ दीवान, कक्षा 5 शिखर दीवान, चमन कुमारी, हिमांशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह और पुरस्कार देकर तथा मुंह मीठा कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चे बहुत खुश लग रहे थे। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर, शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव ने आगे अच्छा करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। पालकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास कर सीखने का बेहतर माहौल उपलब्ध कराने और पर्यावरण तथा जल संरक्षण का शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरपंच इंद्रा सिन्हा, उपसरपंच रिखी दीवान, प्रबंधन समिति अध्यक्ष पिरीत राम साहू, घासुराम दीवान, पंचराम ध्रुव, दौलत दीवान, दयालु राम ध्रुव, हेतराम ध्रुव, गुलाब ध्रुव, तिलक साहू, पोखन दीवान, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, एक्टिव माता समूह से हेमलता साहू, देवकी सिन्हा, रजनी दीवान, लगन बाई ध्रुव, प्रेमा दीवान, बीना यादव, भूमिका साहू, चेमीन दीवान, सेत बाई दीवान उपस्थित रहे।

# नवागांव स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव में गुरविंदर सिंह एवं उसकी धर्मपत्नी कशिश कौर द्वारा वैवाहिक जीवन के शुभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन अपने निवास स्थल में किया गया। नेवता भोज में लड्डू, खीर पूरी, आचार, पापड़, सलाद, केला एवं दाल चावल सब्जी परोसा गया। बच्चों ने भोजन का आनंद बड़े उत्साह से लिया। इस अवसर पर श्रवण सिंह नागी, गुरदीप कौर नागी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, संस्था के शिक्षक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, रसोईया दया बाई दीवान, हीरा बाई दीवान, कुमारी बाई एवं सफाई कर्मचारी अमृत बाई उपस्थित थे। सरपंच पार्वती पटेल, संकुल प्राचार्य समीरचंद्र प्रधान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन एवं ग्रामीणजनों द्वारा गुरविंदर सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा नेवता भोज के आयोजन के लिए प्रशंसा व्यक्त किया। शिक्षकों ने गुरविंदर सिंह, कशिश कौर, श्रवण सिंह नागी, गुरदीप कौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# होलीफेथ स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय द न्यू होलीफेथ स्कूल में कक्षावार कक्षा शिक्षकों द्वारा प्राचार्य शर्वरी पींचा एवं संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन के दिशा-निर्देशन में वर्तमान शिक्षण सत्र का परीक्षाफल घोषित किया गया।

सर्वप्रथम पालक-शिक्षक बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, पूजन, वंदन से हुआ। उक्त सम्मेलन में संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, कविता पींचा कोषाध्यक्ष, किशोर शुक्ल, पियूष लूनिया, दिलीप बोथरा एवं संस्था प्राचार्या शर्वरी पींचा उपस्थित थे। अपने संबोधन में महेंद्र जैन ने कहा कि माता-पिता एवम अध्यापक बैठक का उद्देश्य है। यह गठबंधन स्वस्थ वातावरण को प्रोत्साहित करता है। इससे हमारे बच्चे के शैक्षिक प्रदर्शन, भावनात्मक कल्याण, सामाजिक कौशल वा पाठ्येत्तर गतिविधियों, व्यवहार, शिक्षा की समीक्षा परिचर्चा, व्यक्तिगत रूप से प्रभावी संचार से विस्तृत प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हम स्वयं अपने बच्चों को नैतिक मूल्यों, व्यवहारिक शिक्षा संदेश दें। ताकि, वर्तमान समय में वे आधुनिक दिखावे की इलेट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल, वीडियो गेम में तल्लीन न रहें। बेहतर समृद्ध सुखी जीवन के लिए जरूरी है कि वे प्रेरणास्पद साहित्यिक किताबें, काव्य, पहेली, पठान लेखन करें। ताकि, बौद्धिक वृद्धि,मानसिक विकास हों। बच्चों को अक्षय ऊर्जा की जानकारी, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्थानीय, तीज त्योहारों, लोकगीतों, बोलियों, वेशभूषा, रिश्ते नाते तथा संयुक्त परिवार में मिलजुलकर सहिष्णुता से रहने की सीख दें, जिससे वे सुयोग्य सुशिक्षित बनें। संस्था प्राचार्या शर्वरी पींचा ने पालक-शिक्षक बैठक को माता-पिता के सशक्त, आत्मविश्वास निर्माण, संचार के लिए अनुकूल वातावरण तथा बच्चे के शैक्षणिक आधार बनाने के लिए आधारशिला की संज्ञा दी। बैठक में कक्षा शिक्षकों द्वारा कक्षावार बच्चों की प्रगति अर्थात परीक्षाफल पालकों को अवगत कराया गया। साथ ही प्रगति पत्र भी संप्रेषित किया गया। प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा नर्सरी से जयंत, निकिता निषाद, विकास निषाद, चैतन्य वर्मा, रिद्धि साहू। कक्षा एलकेजी से कबीर पटेल, वैष्णवी वर्मा, सुभ्या साहू, सयाली साहू, जसमीत कौर, गर्वा।यू केजी से शिवांगी, शष्ठिका, देविका कन्नौजे, दिशा भारती, मोक्षांश सिन्हा, फाल्गुनी। कक्षा पहली से युवराज मंगलानी, ओम चंद्राकर, अंकिता साहू। कक्षा दूसरी से लहर रुपरैला, लाव्या चंद्राकार, जैनेट, गुंजिता साहू, दक्षिता साहू, चित्रांशी मानिकपुरी। कक्षा तीसरी से तेजित, शान्या थडानी, सीमा साहू, वैष्णवी निर्मलकर, जागृति, जपमन सिंग। कक्षा चौथी से स्नेहा मंगलनी, नीत कौर, अंजलि साहू, सुजॉय विश्वास, मयंक साहू। कक्षा छठवीं से तारिणी साहू, धैर्य नामदेव, मानसी साहू, आरवी साहू, हरिकेश नारायण, पीहू सोनी। कक्षा सातवीं से धरा जैन, मनीषा ध्रुव, मोनेश साहू, लालिमा साहू, खुशबू रानी पटेल, एकता साहू शामिल है। वरिष्ठ शिक्षिका आरती झा, सुनीता सिन्हा, लवीना चंद्राकर, प्रज्ञा चंद्राकर, पूजा कामदार, अंजली, लेखा चंद्राकर, बरखा तिवारी, प्रियंका षड़ंगी, अनीशा यदु, तारा सिंग, डायना रात्रे, वसुंधरा यदु, रेखा विश्वकर्मा, भवेंद्र पांडे, रुचि साहू, किवंदती साहू कक्षा ग्यारहवीं, ललिता चंद्राकार कक्षा बारहवीं, जयेश जैन, जगदीश धीवर, चिशांत गोस्वामी कंप्यूटर शिक्षक, गरिमा पटेल, दीपिका साहू, प्रियंका पात्र तथा शाला के भृत्य बृंद शानू इंद्राणी, अंजलि आदि ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताया।

# बेलसोंडा के व्यावसायिक छात्रों ने 80 घंटे का 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण पूर्ण किया, समापन पर बांटे प्रमाण पत्र

**महासमुंद।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी व राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम कृषि व टेलीकॉम के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय 80 घंटे का इंटर्नशिप कार्यक्रम समापन के पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा के कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप लक्ष्मी आर्गेनिक ग्राम बरोंडाबाज़ार एवं चंद्राकर कृषि फार्म बेलसोंडा में आयोजित किया गया। टेलीकॉम के विद्यार्थियों को सिद्धार्थ चॉइस सेंटर घोडारी एवं एसयू सर्विस वर्ल्ड बेलसोंडा में इंटर्नशिप कराया गया। 10 दिवस पूर्ण होने के पश्चात सभी को मानदेय राशि एवं प्रमाण पत्र संस्था के प्राचार्य शोभा सिंहदेव, जगदीश सिन्हा और सभी वरिष्ठ स्टाफ की उपस्थिति में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।। व्या. प्रशिक्षक कृषि धनेंद्र कुमार एवं व्या. प्रशिक्षक टेलीकॉम लोकेश यदु द्वारा इंटर्नशिप के दौरान किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रति छात्र मानदेय राशि 1125 रुपया डीबीटी किया गया।













